हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 39 .4 डिग्री से.
न्यूनतम 21.0 डिग्री से.

11 अब वर्दी में नजर आएं सभी स्वास्थ्य कर्मचारी



12 सोनीपत में 38 नए सेक्टर बसाने की तैयारी



## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से सात माह की गर्भवती घायल

**गन्नौर।** गुमड़ के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार सात माह की गर्भवती घायल हो गई। थाना गन्नौर पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव गढ़ी केसरी निवासी प्रियंका ने बताया कि वह अपने पति प्रीतम के साथ खानपुर कलां स्थित बीपीएस महिला मेडिकल कॉलेज से दवा लेकर बाइक से घर लौट रही थीं। गुमड़ के सरकारी स्कूल के पास पीछे से आई तेज रफ्तार कार ने ओवरटेक करते समय उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गन्नौर पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गर्भवती महिला को खानपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है।

### उधार के रुपये मांगने पर युवक पर बोतल से हमला

**खरखौदा।** उधार के रुपये मांगने पर एक युवक पर कांच की बोतल से जानलेवा हमला कर दिया गया। पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव मंडौरा निवासी गौरव ने पुलिस को बताया कि वह केएमपी एक्सप्रेसवे के पास खेत में गांव के रोहित, नरेश और मोनू के साथ बैठा था। बातचीत के दौरान उसने नरेश से अपने उधार दिए रुपये वापस मांगे। आरोप है कि इसी बात पर नरेश और रोहित ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। नरेश ने उसे पकड़ लिया, जबकि रोहित ने कांच की बोतल से उसके सिर और पेट पर वार कर घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी उसका पीछा करते हुए घर तक पहुंचे और दोबारा हमला करने का प्रयास करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 19 वर्षीय युवक लापता अपहरण की आशंका

**गन्नौर।** गांव पुगथला का 19 वर्षीय युवक संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। उसकी मां ने अपहरण की आशंका जताते हुए पुलिस में शिकायत दी है। राजवन्ती ने खुबडू झाल चौकी में शिकायत देकर बताया कि उसका बेटा गौरव 26 जून को बिना बताए घर से चला गया था और तब से वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। शिकायत में बताया गया है कि गौरव के बाएं हाथ पर 'आर्यन' लिखा हुआ है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरू कर दी है। मामले के जांच अधिकारी ने बताया की जल्द युवक को पता लगाया जाएगा।

### 2013 में बना था भवन, मरम्मत के लिए करीब डेढ़ साल से नहीं मिल रहा था बजट

# बारिश में ढही रोहट पीएचसी की छत, आठ स्वास्थ्यकर्मी व जच्चा-बच्चा बाल-बाल बचे

**भवन गिरने से भारी नुकसान, स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की आशंका**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत/खरखौदा

लगातार तीन दिनों की बारिश के बीच गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे गांव रोहट स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) के बरामदे और चिकित्सक कक्ष की छत का लेंटर अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय पीएचसी में करीब आठ स्वास्थ्यकर्मी तथा उपचाराधीन एक जच्चा-बच्चा मौजूद थे। राहत की बात यह रही कि लेंटर गिरने के समय उसके नीचे कोई नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सूचना मिलते ही सिविल सर्जन डॉ. अनुराधा जैन, रोहट के सरपंच संदीप दहिया, जिला परिषद चेयरमैन मोनिका दहिया और ब्लॉक चेयरमैन सतेंद्र दहिया मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने भवन का निरीक्षण कर नुकसान का जायजा लिया। वर्ष 2013 में बने इस पीएचसी में प्रतिदिन 70 से 80 मरीज उपचार के लिए पहुंचते हैं। यहां चिकित्सकों सहित करीब 20 स्वास्थ्यकर्मी कार्यरत हैं। लेंटर गिरने से भवन को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने की आशंका है। सिविल सर्जन डॉ. अनुराधा जैन ने बताया कि भवन की मरम्मत के लिए दिसंबर 2024 में 20.66 लाख रुपये का प्रस्ताव मुख्यालय को भेजा गया था। जनवरी 2026 में रिमाइंडर भी भेजा गया, लेकिन अब तक बजट स्वीकृत नहीं हुआ। अब भवन क्षतिग्रस्त होने के बाद मरम्मत पर अधिक खर्च आने की संभावना है। भवन की स्थिति को देखते हुए फिलहाल पीएचसी का संचालन गांव के कम्युनिटी हॉल से किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं निर्बाध मिलती रहें।

**बड़ा हादसा टल गया**

- सेंटर में डॉक्टरों सहित 20 स्वास्थ्य कर्मी तैनात
- सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी केंद्र पर पहुंचे



**चिकित्सक के कक्ष में गिरा मलबा**



### डेढ़ साल से बजट का इंतजार, अब बढ़ा नुकसान

रोहट पीएचसी भवन की मरम्मत के लिए दिसंबर 2024 में 20.66 लाख रुपये का प्रस्ताव भेजा गया था। बजट स्वीकृत नहीं होने पर जनवरी 2026 में मुख्यालय को रिमाइंडर भी भेजा गया, लेकिन राशि जारी नहीं हुई। अब छत गिरने से भवन को अधिक नुकसान पहुंचा है, जिससे सरकार पर मरम्मत का खर्च भी बढ़ सकता है।



### कम्युनिटी हॉल से मिलेगी स्वास्थ्य सेवाएं

भवन असुरक्षित घोषित होने के बाद प्रशासन ने गांव के कम्युनिटी हॉल से पीएचसी संचालित करने का निर्णय लिया है। मरम्मत पूरी होने तक चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी वहीं से मरीजों का उपचार करेंगे, ताकि ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## विदेश मंत्रालय का फर्जी नियुक्ति पत्र देकर आठ लाख ठगे, आरोपी पकड़ा

**सोनीपत।** विदेश मंत्रालय में आकर्षक वेतन वाली नौकरी दिलाने का झांसा देकर आठ लाख रुपये की ठगी करने के मामले में क्राइम यूनिट वेस्ट ने पांच हजार रुपये के इनामी आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के गांव पाजेंद्रा निवासी जोबन जोशी के रूप में हुई है। वह लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया है। पुलिस के अनुसार ककरोई निवासी नवीन की शिकायत पर 28 जनवरी 2025 को सदर थाना में मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्ष 2022 में संतोष अपने साथ जोबन जोशी, मुकेश और एक महिला को लेकर उसके घर आया था। सभी ने खुद को दिल्ली की एक संस्था से जुड़ा बताते हुए विदेश मंत्रालय में करीब 20.70 लाख रुपये वार्षिक वेतन वाली नौकरी दिलाने का झांसा दिया।



- पुलिस ने कुल्लू के जोबन को एक दिन के रिमांड पर लिया
- आरोपी पर पांच हजार रुपये का इनाम था

इसके बदले आठ लाख रुपये ले लिए। आरोपितों ने विश्वास दिलाने के लिए विदेश मंत्रालय के नाम से फर्जी नियुक्ति पत्र और अन्य दस्तावेज भी दिए। बाद में मंत्रालय से जानकारी लेने पर दस्तावेज फर्जी निकले। रुपये वापस मांगने पर आरोपितों ने दो चेक दिए, लेकिन हस्ताक्षर मेल नहीं खाने के कारण दोनों चेक बैंक से लौट गए। क्राइम यूनिट वेस्ट प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए जोबन जोशी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिमांड के दौरान उससे गिरोह के अन्य सदस्यों, ठगी की रकम और इस तरह की अन्य वारदातों के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## पटेल नगर में पुलिस टीम पर पथराव, युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

पटेल नगर में घरेलू विवाद की सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस टीम पर शराब के नशे में धुत युवक ने ईंट-पत्थरों से हमला कर दिया। पथराव में एक सिपाही घायल हो गया, जबकि आपातकालीन पुलिस वाहन (ईआरवी) का शीशा टूट गया। सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर सरकारी कार्य में बाधा, पुलिसकर्मियों पर हमला और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बुधवार रात करीब 10.10 बजे महिला ने पति द्वारा मारपीट किए जाने की सूचना डायल-112 पर दी थी।




**घरेलू विवाद की सूचना पर पहुंची डायल-112 टीम पर हमला, सिपाही घायल और वाहन का शीशा टूटा**

### छत पर चढ़ गया युवक

मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को समझाकर माहौल शांत कराया, लेकिन कुछ देर बाद वह मकान की छत पर चढ़ गया और पुलिस टीम व आसपास मौजूद लोगों पर ईंट-पत्थर बरसाने लगा। पथराव में ईआरवी चालक सिपाही मोहित घायल हो गया तथा वाहन का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर सिविल लाइन थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और आरोपित को काबू कर लिया। पुलिस युवक से पूछताछ कर रही है।

## अवैध पिस्तौल व दो कारतूस के साथ युवक पकड़ा

**खरखौदा।** पुलिस ने बरोना गांव के सरकारी स्कूल के पास से एक युवक को अवैध पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि बरोना निवासी पवन उर्फ मोना अवैध हथियार लेकर स्कूल के पास खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी के दौरान उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल और मैगजीन में रखे दो जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि अवैध काम करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- आरोपी की पहचान बरोदा के पवन और मोना के रूप में हुई
- आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत केस

## एसआईआर ने पकड़ी रफ्तार, लोगों से एन्यूमरेशन फॉर्म जल्द जमा कराने की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरखौदा

उपमंडल अधिकारी (ना.) एवं निर्वाचन पंजीयन अधिकारी अमित भारद्वाज ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान का उद्देश्य मतदाता सूची को शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से निर्धारित समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों सहित एन्यूमरेशन फॉर्म जमा कराने की अपील की। गुरुवार को एसडीएम ने फिरोजपुर बांगर सहित खरखौदा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों को अभियान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शुद्ध मतदाता सूची लोकतंत्र की मजबूत आधारशिला है। इसलिए प्रत्येक पात्र मतदाता समय पर अपना फॉर्म जमा करे और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करे। अमित भारद्वाज ने बताया कि जिन मतदाताओं ने अभी तक एन्यूमरेशन फॉर्म जमा नहीं कराया है, वे अगले दो दिनों के भीतर अपने संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) या निर्धारित केंद्र पर आवश्यक दस्तावेजों के साथ फॉर्म जमा कर दें। इससे मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य समय पर पूरा किया जा सकेगा। इस दौरान बीडीपीओ सुरेंद्र आर्य भी उपस्थित रहे।



**खरखौदा।** फिरोजपुर में एसआईआर की जानकारी देते एसडीएम।

### नगर निगम की टीम ने पाइपलाइन की मरम्मत करवाई

# विधायक और मेयर की सख्ती का असर, छह कॉलोनियां में स्वच्छ पानी की सप्लाई शुरू

**कॉलोनीवासियों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया था, कई जगह अभी सप्लाई ठीक नहीं**

**काठ मंडी, मयूर विहार, कर्ण शास्त्री, इंडियन कॉलोनी व लक्ष्मी नगर में पानी सप्लाई शुरू**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सीवर, पेयजल संकट और सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम कार्यालय पर हुए प्रदर्शन और विधायक निखिल मदान और मेयर राजीव जैन की 12 घंटे की चेतावनी के बाद नगर निगम हरकत में आया। वीरवार दोपहर करीब 3:30 बजे आधा दर्जन कॉलोनियों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति बहाल होने से लोगों को बड़ी राहत मिली।

नगर निगम अधिकारियों ने लगातार दो दिन तक खराबियों की तलाश कर पाइपलाइन की मरम्मत की, जिसके बाद वीरवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आधा दर्जन कॉलोनियों में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति बहाल हो गई। हालांकि कुछ क्षेत्रों में अब भी पेयजल संकट बना हुआ है। मयूर विहार की गली नंबर-9 में नगर निगम की टीम ने दो दिन तक खुदाई कर टूटी पाइपलाइन का पता लगाया।

जांच में छह इंच का बड़ा छेद मिला, जिससे पेयजल सीवर लाइन में मिल रहा था और मयूर विहार, कर्ण शास्त्री कॉलोनी, इंडियन कॉलोनी तथा लक्ष्मी नगर में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही थी। खराबी दूर होने के बाद इन कॉलोनियों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति शुरू कर दी गई। स्थानीय लोगों ने पार्षद प्रतिनिधि संजय बड़वासनी और जनप्रतिनिधियों के प्रयासों की सराहना की। उधर, काठ मंडी क्षेत्र में खराब पेयजल लाइन की वाल्व की मरम्मत कर आपूर्ति सुचारु कर दी गई।

यहां लंबे समय से दूषित पानी और अनियमित आपूर्ति की शिकायतें मिल रही थीं। पार्षद अनुराग जैन और स्थानीय लोगों ने इस समस्या को लेकर नगर निगम कार्यालय पर प्रदर्शन भी किया था।



**सोनीपत।** काठ मंडी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति लाइन की जांच करते कर्मचारी।

### नवजीवन अस्पताल पेयजल लाइन लीक



वहीं नवजीवन अस्पताल के पास भारत पेट्रोल पंप के सामने पेयजल लाइन में लीकेज होने से आसपास के घरों में पानी की आपूर्ति प्रभावित रही। स्थानीय लोगों ने निगम से जल्द मरम्मत कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

## विवाहिता की मौत मामले में अपहरण, दुष्कर्म व हत्या का केस दर्ज

**सोनीपत।** बहालगढ़ क्षेत्र में उपचार के दौरान नूंह निवासी विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतका के पति की शिकायत पर बहालगढ़ थाना पुलिस ने पड़ोसी युवक समेत अन्य के खिलाफ अपहरण, दुष्कर्म, हत्या, आपराधिक षड्यंत्र और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता ने बताया कि वर्ष 2018 में उसका निकाह हुआ था और उनके तीन बच्चे हैं। दो जुलाई को वह पत्नी और बच्चों को मायके छोड़कर गुरुग्राम काम पर चला गया। अगले दिन पत्नी से संपर्क नहीं हो सका। चार जुलाई को ससुराल पहुंचने पर पता चला कि पत्नी दवा लेने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। पति का आरोप है कि पड़ोस का एक युवक उसकी पत्नी को अपने साथ सोनीपत ले आया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। इसके बाद जहरीला पदार्थ देकर उसकी हत्या कर दी गई। आरोप है कि पहचान छिपाने के लिए आरोपी ने उसे बहालगढ़ रोड स्थित निजी अस्पताल में अपनी पत्नी बताकर फर्जी नाम से भर्ती कराया। बाद में उसे गुरुग्राम के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां सात जुलाई को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मामले की जांच पोस्टमार्टम रिपोर्ट, चिकित्सीय दस्तावेज, फोरेंसिक साक्ष्य और अन्य तथ्यों के आधार पर की जा रही है। साक्ष्यों के अनुरूप आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

- पति की शिकायत पर पड़ोसी युवक समेत अन्य के खिलाफ एफआईआर
- फर्जी पहचान से अस्पताल में भर्ती कराने का आरोप

## हाईवे किनारे गड्ढे में मिले युवक की डूबने से हुई थी मौत

**सोनीपत।** बहालगढ़ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे निर्माणाधीन फुटओवर ब्रिज के पास पानी से भरे गड्ढे में मिले युवक की मौत डूबने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि होने के बाद पुलिस ने शव को पहचान के लिए तीन दिन तक नागरिक अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखने का निर्णय लिया है। मंगलवार को राहगीरों ने गहरे गड्ढे में शव पड़े होने की सूचना पुलिस को दी थी। बहालगढ़ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया और पोस्टमार्टम कराया। जांच में सामने आया कि युवक की मौत दो-तीन दिन पहले पानी में डूबने से हुई थी। लंबे समय तक पानी में रहने के कारण शव फूलकर सतह पर आ गया। पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए आसपास के थानों को सूचना भेजी है और गुमशुदा व्यक्तियों के रिकॉर्ड का मिलान किया जा रहा है। पहचान नहीं होने पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

घटना के बाद निर्माण एजेंसी ने सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाते हुए गड्ढे के चारों ओर अतिरिक्त बैरिकेडिंग कर दी है तथा लोगों को सतर्क करने के लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाए हैं।

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि, पहचान के लिए तीन दिन तक मोर्चरी में रखा जाएगा शव
- निर्माण एजेंसी ने गड्ढे के चारों ओर अतिरिक्त बैरिकेडिंग की

## खबर संक्षेप

### 170वीं जरूरतमंद कन्या का विवाह करवाया

**सोनीपत।** सेफ इंडिया फाउंडेशन ने अपने बेटी बोझ नहीं–जरूरतमंद कन्या विवाह परियोजना के तहत बुधवार को पैराडाइज गार्डन में एक जरूरतमंद कन्या का विवाह सादगी और सम्मान के साथ संपन्न कराया। इसके साथ ही संस्था द्वारा कराई गई शादियों की संख्या 170 पहुंच गई। संस्था के चेयरमैन वाईके त्यागी और प्रधान संजय सिंगला ने बताया कि परिवार की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है, ताकि उनके आत्मसम्मान को ठेस न पहुंचे। महिला प्रधान शालू त्यागी ने बताया कि नवविवाहित जोड़े को बेड, अलमारी, ड्रेसिंग टेबल, सिलाई मशीन, स्टील बर्तन, चांदी का सामान, कपड़े, मेकअप किट, कुकर, सूटकेस सहित गृहस्थी का आवश्यक सामान दिया गया।

### पॉक्सो एक्ट पर फिल्म दिखाकर किया जागरूक

**गन्नौर।** सीसीएएस जैन वमावि में छात्रों को पाक्सो एक्ट और बाल सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षाप्रद फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श की पहचान, यौन शोषण से बचाव तथा किसी भी अनुचित घटना की जानकारी शिक्षकों या संबंधित अधिकारियों को देने का संदेश दिया गया। छात्रों को बताया कि पाक्सो एक्ट बच्चों को यौन अपराधों से सुरक्षा देने वाला महत्वपूर्ण कानून है। उपप्रधानाचार्या डा. मोनिका पाराशर और अध्यापिका मंजू मदान ने अधिनियम की जानकारी देते बच्चों को किसी भी असहज स्थिति में बिना डर सहायता लेने के लिए प्रेरित किया।

### निरीक्षक ने टीम के साथ कुंडली पीएचसी का किया निरीक्षण

# कर्मियों के लिए वर्दी-पहचान पत्र अनिवार्य, जेब पर अंकित हो नाम

**पीएचसी इंचार्ज व स्वास्थ्य निरीक्षक के साथ सभी कार्यों व डेंगू की रोकथाम पर चल रहे अभियान की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। निरीक्षण के दौरान प्लाटों में खड़े दूषित पानी पर दवा का छिड़काव करवाती जिला सिविल सर्जन डॉ. अनुराधा जैन व टीम।

बारिश में बढ़ते डेंगू के खतरा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से जुलाई में मनाए जा रहे डेंगू रोधी माह के तहत जिला सिविल सर्जन डॉ. अनुराधा जैन, उप सिविल सर्जन डॉ. योगेश गोयल, स्वास्थ्य निरीक्षक बलबीर सिंह ने टीम के साथ वीरवार को अचानक कुंडली स्थित पीएचसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारियों ने पीएचसी इंचार्ज डॉ. चेतन व स्वास्थ्य निरीक्षक डॉ. जितेंद्र सिंह के साथ सभी कार्यों व डेंगू की रोकथाम पर किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र का निरीक्षण कर मौके पर जगह-जगह जलभराव पर दवा का छिड़काव करवाया, ताकि डेंगू मच्छरों के लार्वा को पनपने से रोका जा सके। जिला सिविल सर्जन ने कुंडली पीएचसी में कार्यरत स्वास्थ्य टीम के कार्य व रखरखाव की जांच कर हिदायत दी कि सभी स्वास्थ्य कर्मी प्रतिदिन वर्दी में नजर आएं। सभी की वर्दी की जेब पर उनका नाम भी अंकित होना चाहिए। इसके अलावा सभी अपना पहचान पत्र पहनकर रखें। उन्होंने कहा कि जहां भी जलभराव या पानी एकत्रित हो, वहां पर तुरंत प्रभाव से दवा का छिड़काव किया जाए। बुखार के मरीजों का तुरंत सैंपल लेकर उसे लैब में जांच के लिए भिजवाया जाए। योजना बनाकर तुरंत लोगों की सहायतार्थ कार्य किए जाएं। पीएचसी प्रभारी डॉ. चेतन ने बताया कि कुंडली में अब तक दो डेंगू के केस सामने आए हैं। जिनका इलाज पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में फोगिंग, घर-घर लार्वा सर्वे के साथ लोगों के रक्त के नमूने एकत्रित करने जैसी गतिविधियां जारी हैं।

#### जलभराव न हो

कोई भी व्यक्ति बुखार आने की स्थिति में अपने पास से दवा न लें। वह तुरंत अपने नजदीकी सरकारी अस्पताल में जाकर रक्त की जांच करवाए। सरकारी अस्पतालों में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया की निशुल्क जांच का प्रावधान है। डेंगू मरीजों के लिए अलग से वार्ड की व्यवस्था की गई है। मच्छरों से बचाव के लिए पूरी बाजू के कपड़ों व मच्छरदानी का प्रयोग करें। आसपास जलभराव न होने दें।

-डॉ. अनुराधा जैन, जिला सिविल सर्जन, सोनीपत

#### जिले में चार साल में डेंगू-मलेरिया मरीजों पर नजर

अधिकारियों की मानें तो जिले में वर्ष 2023 में डेंगू के 332, मलेरिया के 13, चिकनगुनिया के 00 मामले सामने आए थे। वर्ष 2024 में डेंगू के 515, मलेरिया के 11, चिकनगुनिया के 02 मामले, साल 2025 में डेंगू के 160, मलेरिया के 15, चिकनगुनिया के 05 मामले सामने आए थे। इस वर्ष 2026 में अब तक डेंगू के 07, मलेरिया के 01, चिकनगुनिया के 00 मामले प्रकाश में आए हैं।

#### 166 टीम फील्ड में सक्रिय

उप सिविल सर्जन डॉ. योगेश गोयल ने बताया कि जिले में पिछले साल 160 डेंगू के मामले सामने आने पर इस बार स्वास्थ्य विभाग ने सतर्कता दिखाते हुए 166 टीमों को अलर्ट पर रखते हुए फील्ड में सक्रिय किया है। इनमें से 160 टीमें ग्रामीण अंचल, जबकि छह टीमें शहरी क्षेत्रों में घर-घर जाकर लार्वा सर्वे कर रही हैं। बारिश के सीजन में मच्छर पनपने लगते हैं। ऐसे में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे बीमारियां बढ़ने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने जिले के हॉट स्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर वहां निगरानी बढ़ा दी है।

#### कुंडली नपा सचिव को सफाई संबंधी भेजा पत्र

सिविल सर्जन ने कुंडली क्षेत्र में साफ-सफाई करवाने के लिए नगरपालिका सचिव को पत्र लिखा है। उन्होंने निरीक्षण के बाद पत्र में बताया कि कुंडली क्षेत्र की अधिकतर कॉलोनियों जैसे लांडा कॉलोनी, दुर्गा कॉलोनी में दूषित पानी व कड़े के ढेर नजर आ रहे हैं। अगर इन्हें समय रहते साफ नहीं करवाया गया, तो क्षेत्र में विभिन्न बीमारियां फैल सकती हैं। उल्टी, दस्त, हैजा, पीलिया जैसी बीमारियों के पनपने की आशंका बनी हुई है। ऐसे में क्षेत्र की जल्द सफाई करवाना आवश्यक है।

## महाराजा उम्मेद सिंह को दी श्रद्धांजलि

- आधुनिक मारवाड़ के दूरदर्शी शासक थे उम्मेद सिंह : सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गोहाना



गोहाना। महाराजा उम्मेद सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते नागरिक।

बुधवार को महाराजा उम्मेद सिंह को उनकी जयंती पर याद किया गया। उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि समारोह शहर में पुराना बस अड्डा स्थित सत नगर में में आयोजित किया गया। मार्गदर्शन आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के मुख्य संरक्षक आजाद सिंह डांगी का रहा। मुख्य वक्ता आजाद हिंद देश भक्त मोर्चा के निदेशक डॉ. सुरेश सेतिया ने कहा महाराजा उममेद सिंह ने शासन को केवल सत्ता नहीं बल्कि सेवा का माध्यम बनाया। आम जन के लिए किए गए उनके कार्य आज भी मिशाल बने हुए हैं। महाराजा उमेद सिंह जोधपुर मारवाड़ के एक महान दूरदर्शी और लोकप्रिय शासक थे। 1918 में अपने बड़े भाई की मृत्यु के बाद मात्र 16 वर्ष की आयु में भी राजगद्दी पर बैठे। उनके 30 वर्ष के शासनकाल को आधुनिक मारवाड़ का स्वर्ण युग माना जाता है। जयंती समारोह की अध्यक्षता समाजसेवी हर भगवान चोपड़ा ने की। उन्होंने कहा महाराजा उमेद सिंह में जोधपुर के इतिहास में जनकल्याण और दूरदर्शी शासन की एक जीवंत झलक है। उनके द्वारा रखी गई शिक्षा, न्याय, रोजगार, संचार और शहरी सेवाओं की नींव ने ही जोधपुर को आधुनिक शहर के रूप में ढाला। इसलिए उन्हें आधुनिक मारवाड़ जोधपुर का शिल्पी कहा जाता है।

### ड्यूटी रोस्टर में किए गए बदलाव का किया विरोध

**सोनीपत।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत रैपिड रिस्पॉन्स टीम के कर्मचारियों ने ड्यूटी रोस्टर में किए गए बदलाव का विरोध तेज कर दिया है। बुधवार को कर्मचारियों ने जिला उप सिविल सर्जन को ज्ञापन सौंपकर नया रोस्टर तत्काल वापस लेने की मांग की। कर्मचारियों का आरोप है कि नई व्यवस्था के तहत उन्हें अपने घर से 50 से 60 किलोमीटर दूर स्वास्थ्य केंद्रों में ड्यूटी करनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ने के साथ मानसिक परेशानी भी झेलनी पड़ रही है। कर्मचारियों ने बताया कि एनएचएम में स्थानांतरण की कोई स्पष्ट नीति नहीं है। अब तक कर्मचारियों की ड्यूटी उनके निवास के नजदीक ही लगाई जाती थी।

## न्यूज डायरी



### काव्य प्रतियोगिता में भावपूर्ण प्रस्तुतियों से बांधा समां

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी में गुरुवार को अंतर्विद्यालयी काव्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ऋषिकुल वर्ल्ड एकेडमी, ऋषिकुल विद्यापीठ गोहाना रोड और ऋषिकुल विद्यापीठ अलीपुर के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ रीमा शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर चंचल शर्मा, मीनू तथा अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में प्राथमिक, माध्यमिक और वरिष्ठ वर्ग के विद्यार्थियों ने प्रकृति, देशभक्ति और नारी जैसे समसामयिक विषयों पर ओजपूर्ण एवं भावपूर्ण कविताएं प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। निर्णायक मंडल के निर्णय के अनुसार प्राथमिक वर्ग में चित्रा, लक्षिका एंजेल और तनीषा, माध्यमिक वर्ग में आराध्या, सक्षम, श्रेया, कामाक्षी, अखिला तथा वरिष्ठ वर्ग में राध्या, देवांशी और जयति ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।



### फार्म भरकर शीघ्र बीएलएओ के पास जमा कराएं : सचिन

**गोहाना।** गुरुवार को जवाहरलाल नेहरू वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एसआईआर अभियान के महत्व से अवगत कराया तथा सभी से लोकतंत्र के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने कहा कि प्रत्येक शिक्षक एवं विद्यार्थी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए अपने परिवार, पड़ोस तथा आसपास के सभी पात्र नागरिकों को एसआईआर फॉर्म शीघ्र भरवाकर संबंधित बीएलओ के पास जमा करवाने के लिए प्रेरित करें। यदि किसी नागरिक को फॉर्म भरने, आवश्यक दस्तावेजों या अन्य किसी प्रक्रिया में कठिनाई आती है तो विद्यालय उसकी हर संभव सहायता करने के लिए सदैव तत्पर है।



### ईमानदारी से करें समस्याओं का समाधान : एसडीएम

**गोहाना।** लघु सचिवालय में गुरुवार को समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में एसडीएम अंकित कुमार ने लोगों की शिकायतें सुनी अधिकारियों को पारदर्शी तरीके से समाधान करने के निर्देश दिए। अंकित कुमार ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध करवाना तथा शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाना है। अधिकारी लोगों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार ईमानदारी से समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से समाधान करें। अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि वे आमजन के साथ सकारात्मक एवं संवेदनशील व्यवहार करें और सरकारी सेवाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय पर पहुंचाना सुनिश्चित करें। उप तहसील खानपुर कलां की नायब तहसीलदार अंजू, लोक निर्माण विभाग के एसडीओ अशोक कुमार, बिजली विभाग के एसडीओ कपिल यादव, जनस्वास्थ्य विभाग से जेई कुलदीप मौजूद थे।



### तहसीलदार ने शिकायतों के समाधान के निर्देश दिए

**खरखौदा।** लघु सचिवालय खरखौदा में गुरुवार को समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में तहसीलदार बिजेंद्र सिंह नांदल ने आमजन की शिकायतें सुनीं तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को उनका त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि समाधान शिविर में कुल पांच शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें एक शिकायत गंदे पानी के नाले को बंद करवाने, एक शिकायत दिव्यांग दंपति के साथ दुर्व्यवहार किए जाने तथा एक शिकायत सार्वजनिक गली पर अवैध कब्जे से संबंधित थी। इन तीनों शिकायतों पर सुनते हुए समाधान के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दे दिए गए है। अन्य शिकायतों के संबंध में भी संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। तहसीलदार ने अधिकारियों से जनहित से जुड़े मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और शिकायतों के निस्तारण की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।



### पुलिस-जनता में समन्वय से ही अपराध मुक्त समाज संभव

**गोहाना।** पुलिस उपायुक्त गोहाना जितेंद्र गहलावत ने गुरुवार को अपने कार्यालय में शहर के गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक करके शहर की कानून व्यवस्था, शांति, सामाजिक सौहार्द एवं यातायात व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। जितेंद्र गहलावत ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से ही सुरक्षित एवं अपराधमुक्त समाज का निर्माण संभव है। सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की भ्रामक अथवा अपुष्ट सूचना साझा न करें तथा अफवाहों से बचते हुए केवल सत्यापित जानकारी पर ही विश्वास करें। गणमान्य व्यक्तियों से क्षेत्र में शांति एवं भाईचारा बनाए रखने, युवाओं को कानून का पालन करने के लिए प्रेरित करने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अफवाह अथवा कानून व्यवस्था प्रभावित करने वाली सूचना मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की। पुलिस उपायुक्त ने कहा कि सभी नागरिक यातायात नियमों का पालन करें तथा अपने वाहनों को केवल निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करें।



सोनीपत। गांव गुहणा में धरनारत किसान। फोटो :हरिभूमि

### पावर ग्रिड की वैल्यूएशन को लेकर धरना जारी

**सोनीपत।** गांव गुहणा में जाजी-सिवानी पावर ग्रिड लाइन परियोजना के लिए भूमि की वैल्यूएशन को लेकर किसानों का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को 33वें दिन भी जारी रहा। धरने पर बैठे किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक भूमि की वास्तविक मार्केट वैल्यू के अनुसार मुआवजे का भुगतान नहीं किया जाता, तब तक परियोजना का कोई भी कार्य शुरू नहीं होने दिया जाएगा। धरने के दौरान पावर ग्रिड के प्रतिनिधि किसानों से बातचीत के लिए पहुंचे। प्रतिनिधियों ने किसानों से कार्य शुरू कराने का आग्रह करते हुए कहा कि सरकार अथवा न्यायालय से जो भी आदेश आएंगे, उनका पालन किया जाएगा। हालांकि किसानों ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। उनका कहना था कि गुहणा क्षेत्र में जाजी, मोहाना, गुहणा, भैंसवाल, बिलबिलाण और आवली सहित छह गांवों की भूमि की वर्तमान मार्केट वैल्यू पांच करोड़ रुपये प्रति एकड़ से अधिक है। ऐसे में पहले उचित मुआवजा दिया जाए, उसके बाद ही किसी सहमति पर विचार किया जा सकता है। किसानों ने यह भी आरोप लगाया कि जाजी गांव में दो-तीन वर्ष पहले स्थापित एक अन्य बिजली लाइन के दौरान भी भूमि की मार्केट वैल्यू देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन आज तक भुगतान नहीं हुआ।

# पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

- मार्केट कमेटी कार्यालय प्रांगण में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत रोपित किए 51 पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरखौदा



खरखौदा। पौधरोपण करते मोहन लाल बड़ौली व पवन खरखौदा।

पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से खरखौदा मार्केट कमेटी कार्यालय परिसर में गुरुवार को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत 51 पौधों का पौधारोपण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने विधायक, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

इस अवसर पर मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान समाज को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने की प्रभावी पहल है। उन्होंने बताया कि 17 जुलाई को जींद से सोनीपत के बीच देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ किया जाएगा। करीब 90 किलोमीटर लंबे इस रेल मार्ग पर चलने वाली ट्रेन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरी झंडी दिखाएंगे। हरियाणवी भाषा में इसे पानी की रेल बताते हुए उन्होंने कहा कि यह देश की नई तकनीकी उपलब्धि होगी। बताया कि इसी दिन सुबह 9 बजे जींद के एकलव्य स्टेडियम में इको-फ्रेंडली रैली आयोजित होगी। कार्यकर्ताओं से रैली में इलेक्ट्रिक-सीएनजी वाहनों का उपयोग करने तथा डीजल-पेट्रोल वाहनों से परहेज करने की अपील की। मार्केट कमेटी सचिव सिकंदर सांगवान ने कहा कि मानसून पौधारोपण का सबसे उपयुक्त समय है।

#### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में विधायक पवन खरखौदा, ब्लॉक समिति चेयरमैन सतेंद्र दहिया उर्फ सत्ते रोहट, पूर्व चेयरमैन राजबीर दहिया, मार्केट कमेटी उपाध्यक्ष गुलशन ठेकेदार, अनाज मंडी प्रधान नरेश दहिया, पार्षद अनूप दहिया, प्रमोद इंदौरा, जसबीर, खंड कार्यक्रम अधिकारी सुंदर सिंह सुहाग, नगर पालिका चेयरमैन हीरालाल इंदौरा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रवीन दहिया, दीपक दहिया, संजय ब्रह्मचारी गढ़ी बिंदरौली सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एसआईआर अभियान की अवधि बढ़ाई जाए : इंदुराज



विधायक इंदुराज नरवाल।

**गोहाना।** वर्ष 2002 की मतदाता सूची उपलब्ध करवाने एवं एसआईआर अभियान की अवधि बढ़ाने की मांग को लेकर बरोदा हलका के विधायक इन्दुराज नरवाल (भालू) ने हरियाणा के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर ए श्रीनिवास को पत्र लिखकर भेजा है। विधायक ने कहा कि एसआईआर अभियान के अंतर्गत वर्ष 2002 एवं वर्ष 2024 की मतदाता सूचियों का मिलान किया जा रहा है लेकिन बरोदा विधानसभा क्षेत्र के मुंडलाना एवं कथूरा खंडों के अंतर्गत आने वाले 36 गांवों की वर्ष 2002 की मतदाता सूची भारत निर्वाचन आयोग के ऑनलाइन पोर्टल पर उपलब्ध नहीं है। पोर्टल पर वर्ष 2002 के स्थान पर वर्ष 1999 की मतदाता सूची प्रदर्शित हो रही है, जिसके कारण मतदाताओं के सत्यापन एवं आवश्यक प्रक्रिया में परेशानी आ रही है। इस समस्या को लेकर विधायक इन्दुराज नरवाल चंडीगढ़ मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा से मिलने पहुंचे, लेकिन समय उपलब्ध न हो पाने के कारण उन्होंने ईमेल के माध्यम से अपना पत्र भेजकर पूरे मामले से अवगत करवाया और आवश्यक कार्रवाई की मांग की। उनके अनुसार गांव आहुलाना के बूथ संख्या 151 पर लगभग 25 ऐसे मतदाता हैं, जो पिछले 25–30 वर्षों से लगातार मतदान करते आ रहे हैं और इनका वर्ष 1999 और वर्ष 2024 की मतदाता सूची में नाम दर्ज है।



खरखौदा। अधिकारियों व सुपरवाइजरों की बैठक लेते एसडीएम अमित कुमार।

### सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए: अमित

**खरखौदा।** एसडीएम अमित भारद्वाज की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण से जुड़े सभी सुपरवाइजर उपस्थित रहे। बैठक के दौरान एसडीएम अमित भारद्वाज ने निर्देश दिए कि जिन गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा जो प्रपत्र प्राप्त हो चुके हैं, उन्हें तत्काल प्रभाव से अधिकतम दो दिनों के भीतर ऑनलाइन अपलोड करना सुनिश्चित किया जाए, ताकि पुनरीक्षण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किया जा सके। उन्होंने विशेष रूप से निर्देश दिए कि एएसडीडी - अनुपस्थित, स्थायी रूप से स्थानांतरित, मृत एवं डुप्लीकेट मतदाताओं से संबंधित सभी लंबित प्रकरणों को तत्काल प्रभाव से पोर्टल पर अपलोड किया जाए। सभी लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। एसडीएम अमित भारद्वाज ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का उद्देश्य मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है। इस प्रक्रिया के तहत बूथ स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन कर रहे हैं।

## पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकताः प्राचार्य

- पीएम श्री विद्यालय बेगा में विद्यार्थियों को बांटे पौधे, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गन्नौर



गन्नौर। इको क्लब प्रभारी विजय कुमार व शिक्षक पौधे वितरित करते हुए।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बेगा में इको क्लब के तत्वावधान में पौधारोपण एवं पौधा वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न प्रजातियों के पौधे वितरित कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्राचार्य सतबीर धनखड़ ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे केवल पौधे लगाकर ही अपनी जिम्मेदारी पूरी न समझें, बल्कि उन्हें वृक्ष बनने तक उनकी देखभाल भी करें। इको क्लब प्रभारी विजय कुमार ने विद्यार्थियों को पौधों के महत्व पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि पेड़-पौधे वातावरण को शुद्ध रखने, वर्षा चक्र को संतुलित करने तथा जीव-जंतुओं और मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। कार्यक्रम में मनोज दहिया, प्रमोद सरोहा, प्रदीप वत्स, संजू, निर्मला, ज्योति, गीता, सुमन, स्नेहा, सुमन सहित विद्यालय के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### योजना के तहत केवल कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय के विद्यार्थी कर सकेंगे पंजीकरण

# सुपर 100 : बढ़ाई गई 100 सीटों के लिए पंजीकरण आरंभ

**12 को डाउनलोड कर सकेंगे प्रवेश पत्र, 14 को लेवल-1 की परीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत



सोनीपत। सोनीपत के मॉडल टाउन स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति विद्यालय।

विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शैक्षणिक पहल हरियाणा सुपर-100 के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-28 के लिए प्रदेश में 100 सीटों को बढ़ाया है। अब प्रदेश में कुल 500 सीटें सुपर-100 के तहत निर्धारित की गई है। राजकीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को एक बेहतर प्लेटफार्म उपलब्ध करवाने के लिए मिशन बुनियाद : सुपर-100 योजना के तहत मई में अपने चयन से वंचित विद्यार्थी इस लाभ का अवसर उठा सकते हैं। बढ़ाई गई 100 सीटों पर पंजीकरण के लिए वीरवार को पोर्टल ओपन कर दिया गया है। हालांकि इन 100 सीटों के लिए केवल वहीं विद्यार्थी पंजीकरण करवा सकते हैं, जिनका दाखिला मौजूदा समय में कक्षा 11वीं के विज्ञान संकाय में हुआ है। 12 जुलाई को पोर्टल पर परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र डाउनलोड किया जा सकेगा।बता दें कि विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने सत्र 2026-28 के लिए सुपर 100 योजना के तहत 400 सीटों के लिए पंजीकरण प्रक्रिया पूरी होने के बाद लेवल 1 की परीक्षा का 11 फरवरी को आयोजन किया गया था। इसके अंतर्गत पंजीकृत 2698 विद्यार्थियों में से 1844 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जबकि 89 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए थे। उक्त विद्यार्थियों की लेवल 2 की परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद विद्यार्थियों ने 13 मई को कुरुक्षेत्र के गांव बरना में स्थित सुपर-100 कैंपस में रिपोर्टिंग की थी। लेकिन अब सीटें बढ़ने के बाद फिर से पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। 12 जुलाई को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के बाद विद्यार्थी 14 जुलाई को लेवल 1 की परीक्षा देंगे।

#### 400 सीटों पर सोनीपत के 19 विद्यार्थी हुए थे चयनित

मई माह में 400 सीटों के लिए समाप्त हुए शेड्यूल में सोनीपत के 19 विद्यार्थियों का चयन किया गया था, जबकि 7 विद्यार्थियों को वेटिंग लिस्ट में रखा गया। चयनित विद्यार्थियों में से सबसे ज्यादा विद्यार्थी राई ब्लॉक के थे। इस ब्लॉक के 6 विद्यार्थियों का चयन सुपर 100 के तहत हुआ है। वहीं सोनीपत ब्लॉक के 5, गोहाना के 3, गन्नौर के 3, खरखौदा और मुंडलाना के 1-1 विद्यार्थी अपना चयन करवा पाए थे। साथ ही वेटिंग लिस्ट में सोनीपत और राई ब्लॉक के 2 विद्यार्थी शामिल थे, जबकि गन्नौर, गोहाना व मुंडलाना से 1-1 विद्यार्थी शामिल थे।

#### नया शेड्यूल जारी

सरकार ने सुपर 100 योजना के तहत सीटों की संख्या को 400 से बढ़ाकर 500 कर दिया है। 400 सीटों के लिए दाखिला प्रक्रिया मई माह में पूरी हो चुकी है। अब विद्यालय शिक्षा निदेशालय ने बढ़ाई गई 100 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया पूरी करने के लिए नया शेड्यूल जारी किया है। साथ ही पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। 14 जुलाई को लेवल 1 की परीक्षा का दिन तय किया गया है।

-सुरेंद्र सिंह, जिला विज्ञान विशेषज्ञ, सोनीपत

# कारनामा : दूषित पानी के भराव से अपने ही घर नहीं बचा पा रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

शहर को दूषित पानी के भराव से मुक्ति दिलाने की लकीर पीट रहे अधिकारी फिलहाल अपने घरों की साख ही नहीं बचा पा रहे हैं। नगर निगम के हाथ के नीचे सुभाष चौक के पास करीब एक साल से सीवरेज जाम होने की समस्या आए दिन दुकानदारों व राहगीरों को झकझोर रही है। प्रत्येक 15 दिन के अंदर करीब 10-12 दुकानों के आगे दूषित जलभराव हो रहा है, लेकिन निगम इसका स्थायी समाधान नहीं करवाया पाया है। हालात यह हैं कि दूषित पानी नगर निगम कार्यालय के साथ लगते पार्क के अंदर तक पहुंच चुका है। उधर जिले में सुगम व दुरुस्त सड़कों का दावा करने लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में बारिश से दूषित जलभराव हो रहा है। एक्सईएन कार्यालय के साथ बारिश का पानी भरा है, पार्किंग क्षेत्र में दलदल बनी है, लेकिन फिर भी अधिकारी अनजान बने हैं। ऐसे में शहर की सड़कों, कॉलोनियों की गलियों में जलभराव होना कोई बड़ी बात नहीं है। सुभाष चौक स्थित कैप्टन विक्रम बत्रा पार्क के मुख्य द्वार व आसपास की दुकानों के बाहर दो दिन से सीवरेज लाइन जाम होने के बाद दूषित पानी सड़क पर फैलने से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। साथ ही दूषित पानी नगर निगम कार्यालय के साथ लगते पार्क के अंदर खड़ा है। दुकानदारों ने लोगों के पार्क व दुकानों के आगे आवागमन के लिए ईंटों के रास्ते बना रखे हैं, ताकि वह दूषित पानी से गुजर सकें। दुकानदार पुनीत गुप्ता, रणधीर सिंह सरोहा, मनोज खुराना, राजीव गुप्ता, राहगीर नरेंद्र कुमार, सुबोध सिंह, नितिन ने बताया कि दो दिन से दुकानों से लेकर आधी सड़क तक दूषित पानी भरा हुआ है। इससे दुकानदारों, वाहन चालकों व राहगीरों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। उनके लिए यह कोई नई समस्या नहीं है, बल्कि हर 12 से 15 दिन में सीवरेज जाम होने, बेक मारने से से यह स्थिति बनी रहती है। दुकानदारों की मानें तो समस्या के स्थायी समाधान के लिए 19 फरवरी को निगम कार्यालय में शिकायत दर्ज करवाई गई है। इसके बावजूद उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई है, जबकि मार्च माह में दुकानदार अपने पैसों से सीवरेज की बड़ी मशीन मंगवाकर सफाई करवा चुके हैं। अब तीन महीने बीतने के बाद फिर से हाल बेहाल हो चुके हैं।

सिटी पल्स



सोनीपत। सुभाष चौक स्थित कैप्टन विक्रम बत्रा पार्क के मुख्य द्वार पर दूषित पानी में ईंटों से बनाया गया रास्ता। फोटो : हरिभूमि



सोनीपत। दूषित पानी से गुजरते वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि

### खास बातें

- सुभाष चौक स्थित कैप्टन विक्रम बत्रा पार्क के मुख्य द्वार पर एक साल से हर 15वें दिन जाम हो रही सीवरेज लाइन
- नगर निगम कार्यालय के साथ लगते कैप्टन विक्रम बत्रा पार्क के अंदर तक पहुंचा दूषित पानी, अधिकारी बने अनजान
- सुभाष चौक के पास स्थित दुकानों के आगे सड़क तक दो दिन से खड़ा दूषित पानी बढ़ा रहा दुकानदारों व राहगीरों की परेशानी

### अधिकारी व कर्मचारी समस्या को जानकर भी अनजान

कैप्टन विक्रम बत्रा पार्क में दूषित पानी भरने से सुबह-शाम योग व सैर के लिए आने वाले लोगों की परेशानी बढ़ रही है। आसपास क्षेत्र के काफी लोग रोजाना पार्क में आते हैं। ऐसे में लोगों को दूषित पानी से गुजरना पड़ रहा है। बड़े ताजुब्ब की बात तो यह है कि नगर निगम अधिकारी व कर्मचारी रोजाना लंच के दौरान पार्क में टहलते हैं। वह भली-भांति इस समस्या से अवगत हैं। नगर निगम संयुक्त आयुक्त का कार्यालय भी पार्क के साथ बना है। इसके बावजूद समस्या की अनदेखी की जा रही है और समाधान की तरफ कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

### 8 साल पहले बना हार्वेस्टिंग सिस्टम भी जाम

नगर निगम की ओर से करीब 8 साल पहले सुभाष चौक के पास रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की पाइपलाइन डलवाई गई थी। इसके बाद देखरेख के अभाव में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम एक साल बाद ही जाम हो चुका है। अब तक वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की कोई सुध नहीं ली गई है। ऐसे में थोड़ी बारिश के बाद ही दुकानों के आगे जलभराव होने से दुकानदारों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। नगर निगम कार्यालय पास होने के बावजूद छोटी-छोटी समस्याओं पर अधिकारियों व कर्मचारियों का कोई ध्यान नहीं है। एक बार सुधार के सपने दिखाकर लोगों की समस्याओं को बढ़ाया जा रहा है।

### पार्क में दूषित पानी भरने का मामला संज्ञान में

कैप्टन विक्रम बत्रा पार्क के मुख्य द्वार पर सीवरेज ब्लॉक होने से दुकानों व पार्क में दूषित पानी भरने का मामला संज्ञान में आया है। समस्या का समाधान करवाने के लिए जल्द अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे। पार्क में आने वाले लोगों व दुकानदारों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।

राजीव जैन, मेयर, नगर निगम, सोनीपत

## खबर संक्षेप



सोनीपत। कार्यक्रम में पहुंचें मेयर राजीव जैन का स्वागत करते हुए।

### मेयर ने किया मंदिर के गुंबद का शिलान्यास

**सोनीपत।** डिफेंस कॉलोनी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में गुंबद निर्माण कार्य का शुभारंभ धार्मिक विधि-विधान एवं हवन यज्ञ के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर सोनीपत के मेयर राजीव जैन ने नारियल तोड़कर गुंबद निर्माण का शिलान्यास किया तथा मंदिर परिसर में आयोजित भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर बाबा खाटू श्याम के जयकारे लगाए और धार्मिक अनुष्ठान में सहभागिता की। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने मेयर जैन का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। जैन ने कहा कि धार्मिक स्थल समाज में आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता के केंद्र होते हैं।

### जाजी में पेड़ों की कटाई पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा

**सोनीपत।** गांव जाजी में पेड़ों की अवैध कटाई और उन्हें नष्ट किए जाने के मामले को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को गांव के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला वन अधिकारी (डीएफओ) से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी दी और जांच में हो रही देरी पर कड़ी नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के दावों के बावजूद जमीन पर कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही। ग्रामीणों के अनुसार इस मामले की शिकायत करीब दो माह पहले वन विभाग को दी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि समय रहते कदम उठाए जाते तो पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोका जा सकता था। शिकायत लंबित रहने से गांव में भारी रोष व्याप्त है। प्रतिनिधिमंडल ने डीएफओ से मांग की कि मामले की निष्पक्ष और शीघ्र जांच कर दोषियों की पहचान की जाए तथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# सोनीपत में 38 नए सेक्टर बसाने की तैयारी, योजना के लिए 13685 एकड़ जमीन की खोज में जुटे अफसर

**80 से लेकर 1100 एकड़ तक जमीन पर बसाए जाएंगे नए सेक्टर, रेजिडेंशियल और कमर्शियल दोनों होंगे शामिल, प्रशासन ने शुरू की कवायद**

**किसानों से जमीन अधिग्रहण की तैयारी 31 अगस्त तक पोर्टल पर पेशकश कर सकेंगे किसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की ओर से जल्द सोनीपत शहर व आसपास लगते क्षेत्रों में 38 नए सेक्टर बसाने की तैयारी की जा रही है। योजना को सिरे चढ़ाने के लिए अधिकारी कुल 13685 एकड़ जमीन की खोज में जुटे हैं। एचएसवीपी ने 31 अगस्त 2026 तक किसानों व भू मालिकों से ई-भूमि पोर्टल पर जमीनों का ब्योरा अपलोड करने की पेशकश की है, ताकि योजना पर जल्द कार्य शुरू हो सके। अधिकारियों की मानें, तो शहर व आसपास क्षेत्रों में बनने वाले नए सेक्टरों के लिए 80 से 1100 एकड़ जमीन की जरूरत होगी। इनमें रिहायशी क्षेत्रों के साथ औद्योगिक इकाइयां भी विकसित होंगी। शहर व आसपास क्षेत्रों में विकसित होने वाली नए सेक्टरों में बिजली, सीवरेज, पेयजल, स्मार्ट सड़कों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग प्वाइंट की व्यवस्था की जाएगी। रिहायशी क्षेत्रों के साथ औद्योगिक मॉडल टाउनशिप बढ़ावा देने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी व औद्योगिक सुविधाएं होंगी। इनमें आधुनिक आवासीय प्लॉट के साथ कमर्शियल व औद्योगिक इकाइयां भी विकसित किए जाएंगी। साथ ही इन सेक्टरों को पर्यावरण के लिए अनुकूल बनाने के लिए पार्क व हरित क्षेत्र भी विकसित किए जाने की योजना है। सरकार व विभाग ने नए सेक्टरों के लिए किसानों व भू मालिकों से जमीन अधिग्रहण की तैयारी शुरू कर दी है। शहर में नए सेक्टर विकसित होने से सोनीपत गुरुग्राम की तर्ज पर विकास के पथ पर अग्रसर होगा। साथ ही प्रदेश में अपनी अलग ही पहचान कायम करेगा। नए सेक्टर विकसित होने से जहां स्थानीय लोगों को आधुनिक आवासीय सुविधाएं मिलेंगी, वहीं औद्योगिक इकाइयां विकसित होने से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।



सोनीपत। सेक्टर-12 चौक पर गुजरते वाहन चालक। फोटो : हरिभूमि

### किस क्षेत्र में कितनी जमीन पर बसाया जाएगा कौन-सा नया सेक्टर

सरकार व एचएसवीपी ने गांव गढ़ शहजानपुर व रायपुर में 80 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-10 विकसित करने का निर्णय लिया है। गांव फाजिलपुर, गढ़ शहजानपुर, रायपुर में 170 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-11 विकसित किया जाएगा। गांव जवाहरी, पट्टी मुसलमान में 250 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-15 बी बनाया जाएगा। गांव रेवली, सोनीपत पट्टी मुसलमान में 140 एकड़ जमीन पर सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक क्षेत्र के लिए सेक्टर-17 ए विकसित होगा। गांव देवडू व मुरथल खास में 460 एकड़ जमीन पर सार्वजनिक और अर्ध-सार्वजनिक क्षेत्र के लिए सेक्टर-18 बी विकसित किया जाएगा। बैंयापुर, बंदेपुर, हरसाना कलां, लहराड़ा में 520 एकड़ जमीन पर वाणिज्यिक क्षेत्र के लिए सेक्टर-25 बनेगा। बंदेपुर, राठधना, शादीपुर में 100 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-26 और 130 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-26 ए विकसित करने की तैयारी है। अहमदपुर, बंदेपुर, राठधना, सुल्तानपुर, जोशी जाट में 120 एकड़ भूमि पर आवासीय सेक्टर-27 और राठधना में 360 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-33, राठधना में ही 180 एकड़ में आवासीय सेक्टर-34 विकसित होगा।

### लिवान, राठधना, अकबरपुर बारोटा, जठेड़ी की जमीन पर होगा सेक्टर-35

गांव लिवान, राठधना, अकबरपुर बारोटा, जठेड़ी में 450 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-35 और अकबरपुर बारोटा, जठेड़ी, प्रीतमपुरा में 510 एकड़ जमीन पर वाणिज्यिक क्षेत्र के लिए सेक्टर-40 तथा अकबरपुर बारोटा, जठेड़ी में 260 एकड़ में आवासीय सेक्टर-41, नांगल कलां में 130 एकड़ में आवासीय सेक्टर-59 और नांगल कलां, अटेरना में 50 एकड़ में आवासीय सेक्टर-60 विकसित किया जाएगा। वहीं नांगल कलां, रसोई में 140 एकड़ भूमि पर आवासीय सेक्टर-61 और बढ़खालसा, रसोई में 120 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-62 बनाने की तैयारी है। बढ़खालसा, नांगल कलां, पतला में 90 एकड़ भूमि पर आवासीय सेक्टर-63, अटेरना, जाखौली, नांगल कलां, पतला में 80 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-64, असावरपुर, खेवड़ा उर्फ, खेवड़ा शापी में 180 एकड़ में मिश्रित भूमि उपयोग क्षेत्र सेक्टर-68 बनेंगे। अटेरना, जांटी कलां, अखतर, सेरसा में 690 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-69 और अटेरना, जाखौली, खटखड़, सेरसा में 930 एकड़ भूमि पर आवासीय सेक्टर-70, जाखौली, पतला, सेवली में 710 एकड़ में आवासीय सेक्टर-71, बहालगढ़, खेवड़ा उर्फ, खेवड़ा शापी में 300 एकड़ में आवासीय सेक्टर-79, जोशी चौहान, बहालगढ़, खेवड़ा उर्फ, खेवड़ा शापी में 480 एकड़ में आवासीय सेक्टर-80 होगा।

**नए सेक्टर होंगे विकसित**

सरकार ने शहर के आसपास लगते कुछ क्षेत्रों में 38 नए सेक्टर विकसित करने की योजना तैयार की है। इसके लिए किसानों व भू-मालिकों से ई-भूमि पोर्टल पर जमीनों का ब्योरा मांगा गया है, ताकि नियमानुसार जमीन अधिग्रहण कर सेक्टरों को विकसित करने की योजना को सिरे चढ़ाया जा सके। जमीन अधिग्रहण के लिए 31 अगस्त पर पोर्टल पर संबंधित विवरण अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं।

-सिद्धार्थ, संपदा अधिकारी, एचएसवीपी, सोनीपत

### मुरथल खास, नांगल खुर्द में होंगे सेक्टर-86 व 87

दीपालपुर, हसामाबाद, जोशी चौहान, किशोरा, मुर्शादपुर, कुमासपुर, खेवड़ा उर्फ, खेवड़ा शापी में 1100 एकड़ में मिश्रित भूमि उपयोग क्षेत्र सेक्टर-81 और किशोरा, मुर्शादपुर में 340 एकड़ में आवासीय सेक्टर-82 व कुमासपुर, किशोरा, मुर्शादपुर में 400 एकड़ में आवासीय सेक्टर-83 और नांगल खुर्द, कुमासपुर में 260 एकड़ में आवासीय सेक्टर-84 होगा। मुरथल खास, नांगल खुर्द, कुमासपुर में 380 एकड़ में वाणिज्यिक क्षेत्र सेक्टर-85 और मुरथल खास, नांगल खुर्द में 210 एकड़ में वाणिज्यिक क्षेत्र सेक्टर-86 तथा 530 एकड़ में आवासीय सेक्टर-87 व 650 एकड़ में आवासीय सेक्टर-88 बनाया जाएगा। हंसापुर, मुरथल खास में 225 एकड़ जमीन पर आवासीय सेक्टर-89 और देवडू, जवाहरी, मुरथल खास, सोनीपत, पट्टीजाटान, पट्टी मुसलमान में 1050 एकड़ में आवासीय सेक्टर-91 तथा 810 एकड़ भूमि पर आवासीय सेक्टर-92 विकसित करने की तैयारी है।

## यूनिवर्सिटी टॉपर सूची में जैन गर्ल्स पीजी कालेज की 25 छात्राएं शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुन्नौर

महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी की 2025-26 सत्र के पहले व दूसरे वर्ष की टापर सूची में जैन गर्ल्स पीजी कालेज, गन्नौर की 25 छात्राओं ने यूनिवर्सिटी में बेहतरीन स्थान प्राप्त कर कालेज का नाम रोशन किया। प्राचार्य डा. मनोज कुमार ने बताया कि बीएससी प्रथम वर्ष नान मेडिकल में प्राची ने यूनिवर्सिटी में पहला, अन्नू ने दूसरा और मीनाक्षी ने तीसरा स्थान हासिल किया। बीएससी प्रथम वर्ष मेडिकल में कालेज की छात्राओं ने पहला, दूसरा, पांचवां और छठा स्थान प्राप्त किया। एमए राजनीति विज्ञान में तन्नू ने पहला तथा वर्षा ने आठवां स्थान हासिल किया। बीए प्रथम वर्ष में एकता दूसरे, साक्षी पांचवें और आरती 16वें स्थान पर रहीं। बीकाम प्रथम वर्ष में सृष्टि सातवें तथा एमकाम प्रथम वर्ष में पारुल 14वें स्थान पर रहीं। दूसरे वर्ष बीएससी मेडिकल में नेहा चौथे और बीएससी नान मेडिकल में सिमरन ने 14वां स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य ने सफलता का श्रेय छात्राओं, प्राध्यापकों, नियमित पढ़ाई और अनुशासन को दिया। उन्होंने बताया कि कालेज प्रबंधन सभी मेधावी छात्राओं को विशेष छात्रवृत्ति देगा तथा 13 जुलाई को सम्मान समारोह आयोजित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा।



प्राचार्य डा. मनोज कुमार।

## समसपुर गामड़ा में 36 लाख के विकास कार्य शुरू, चौपाल का किया शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुन्नौर

गांव समसपुर गामड़ा में विधायक देवेंद्र कादियान ने करीब 36 लाख रुपए की लागत से तैयार और प्रस्तावित विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास किया।

उन्होंने 18 लाख रुपए की लागत से बनी एससी चौपाल का उद्घाटन किया। इसके बाद करीब 17.72 लाख रुपए की लागत से मुख्य चौक से धर्मबीर के घर तक बनने वाली गली के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने मौके पर मौजूद ठेकेदार और अधिकारियों को कहा कि काम में क्वालिटी से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विधायक ने गांव में बनी आधुनिक लाइब्रेरी का भी निरीक्षण किया, जिसका सीएम सैनी ने वर्चुअल तरीके से उद्घाटन किया था। विधायक कादियान का सरपंच गुरमेल धनखड़ ने ग्रमीणों के साथ फूलमाला से स्वागत किया और विकास कार्यों की सौगात पर आभार जताया।



गन्नौर। विधायक देवेंद्र कादियान करीब 36 लाख रुपए की लागत से तैयार और प्रस्तावित विकास कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## नकारात्मकता को अपने ऊपर हावर न होने दें : राजबीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

नकारात्मक विचारों को खुद पर हावी न होने दें। विद्यार्थी खुद की काबिलियत को पहचानें और अपनी ऊर्जा को नया रूप देकर सकारात्मकता के साथ अपनी मंजिल की ओर आगे बढ़ें। यह बात एमआर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना के एमडी राजबीर शर्मा ने कही। वे विद्यालय में कॅरियर निर्माण विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे थे।एमडी राजबीर शर्मा ने कहा कि आज सफलता की दौड़ में प्रतिस्पर्धा बहुत अधिक बढ़ गई है। ऐसे में हर किसी विद्यार्थी को अपने लक्ष्य तक पहुंचने में काफी मेहनत करनी पड़ती है। जेईई मैंस, जेईई एडवांस, नीट, सीयूईटी और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा और भी अधिक है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में अपने लक्ष्य तक न पहुंच पाने पर कई विद्यार्थी मानसिक तनाव का शिकार हो जाते हैं और उन पर नकारात्मकता हावी हो जाती है। ऐसे में कई विद्यार्थी गलत कदम उठा लेते हैं जो उचित नहीं है। राजबीर शर्मा ने कहा कि विद्यार्थी नकारात्मकता का शिकार होने की बजाए समस्या के समाधान पर ध्यान दें।



### कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर मंथन

**सोनीपत।** कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने के उद्देश्य से पार्टी ने सांगठनिक गतिविधियों में तेजी लाने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं। इसी क्रम में कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष कमल दिवान ने चंडीगढ में प्रदेश प्रभारी संजय दत से शिष्टाचार भेंट कर संगठन की मजबूती और आगामी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में ग्रामीण जिला अध्यक्ष संजीव दहिया भी मौजूद रहे। बैठक के दौरान संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने, विभिन्न ब्लाकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा आम जनता से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर विस्तार से मंथन किया गया। साथ ही पार्टी की कार्यप्रणाली को और अधिक सक्रिय एवं सुदृढ़ बनाने पर भी जोर दिया गया। कमल दिवान ने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करना है। इसके लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ निरंतर संवाद बनाए रखा जाएगा।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### हिमांशु पर जानलेवा हमले में एक और आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना क्षेत्र में युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में क्राइम यूनिट कुंडली ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान गांव जाखौली निवासी विरेंद्र के रूप में हुई है। उसे न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इससे पहले पुलिस इस मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है।

पुलिस के अनुसार 5 जनवरी 2026 को पीड़ित के पिता ने शिकायत दी थी कि तीन जनवरी की रात उनका बेटा हिमांशु खाना खाने के दौरान किसी के फोन आने पर घर से मूंगफली लेने की बात कहकर निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा।

**17 जुलाई को पीएम मोदी देंगे हरियाणा को हाइड्रोजन ट्रेन की सौगात**

## मोदी ने पाणी से ट्रेन चलाकर चाला पाड़ दिया : डा. अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डा. अर्चना गुप्ता ने ठेठ अंदाज में कहा कि मोदी ने तो चाला पाड़ दिया, उसने पाणी से ट्रेन चला दी। यह हाइड्रोजन ट्रेन जींद से सोनीपत रेलमार्ग पर चलेगी। इस ट्रेन से ना धुआं निकलेगा और ना ही बिजली की जरूरत पड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 17 जुलाई को जींद से इस हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। डॉ. अर्चना गुप्ता गुरुवार को बरोदा विधानसभा क्षेत्र के बुटाना स्थित जनता भवन में स्वागत एवं अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रही थीं। समारोह में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने डॉ. अर्चना गुप्ता का नागरिक अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला गोहाना के अध्यक्ष बिजेंद्र मलिक ने की और संयोजन कार्यक्रम संयोजक पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान का रहा। समारोह में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने लोगों से अपील की कि वे भारी संख्या में जींद पहुंचकर प्रधानमंत्री का स्वागत करें और इस ऐतिहासिक पल के साक्षी बनें।



गोहाना। मंच से जनसभा को संबोधित करते हुए डॉ. अर्चना गुप्ता।

### 27 सरपंच भाजपा में शामिल

पूर्व प्रत्याशी प्रदीप सांगवान ने दावा किया कि समारोह में हलके के 27 सरपंच भाजपा में शामिल हुए। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने सभी सरपंचों को पार्टी का पटका पहनाकर स्वागत किया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि भाजपा में सभी सरपंचों को पूरा मान और सम्मान मिलेगा।



सोनीपत। बैठक में पहुंचें प्रदेश प्रभारी का स्वागत करते हुए।

### प्रधानमंत्री की रैली को ऐतिहासिक बनाने में जुटी भाजपा

**सोनीपत।** भारतीय जनता पार्टी की जिला संगठनात्मक बैठक गुरुवार को सेक्टर-8 स्थित जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में 17 जुलाई को जींद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित इको-फ्रेंडली रैली को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कार्यकारिणी, सभी प्रकोष्ठों के अध्यक्ष, मंडल पदाधिकारी, पूर्व विधायक, पूर्व प्रत्याशी, पूर्व पार्षद तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक में शामिल हुए। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने कहा कि यह रैली पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और विकसित भारत के संकल्प का संदेश देने वाला ऐतिहासिक आयोजन होगी। कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।